तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026

13 फिंगेश्वर कॉलेज में गूंजी लोकतंत्र की आवाज ...

14 रसेला में सर्दी ने तोड़ा 36 सालों का रिकॉर्ड




## खबर संक्षेप




### मंत्री राजेश, विधायक रोहित का बोरिद दौरा आज

**छुईहा-बेलर।** ग्राम पंचायत और ग्रामवासियों के तत्वावधान में ग्राम बोरिद में 3 फरवरी से पांच दिवसीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हो गया है। भगवान श्रीराम और रमाहीपाठ की असीम अनुकम्पा से आयोजित यह आध्यात्मिक अनुष्ठान 7 फरवरी तक चलेगा। 4 फरवरी को इस महायज्ञ के अवसर पर लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का विशेष आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में धर्मस्व मंत्री 4 फरवरी को शामिल होंगे। आयोजित होने वाले विशेष समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजिम विधायक रोहित साहू करेंगे। यज्ञ का संचालन महामंडलेश्वर श्री गोवर्धन शरण व्यास जी के पावन सानिध्य में संपन्न हो रहा है।

### मोंगरा में भागवत कथा कल से

**छुरा।** ग्राम मोंगरा में 5 फरवरी से बहेगी श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा, धनंजय तिवारी करेंगे कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। भक्ति और ज्ञान की यह अमृतमयी धारा 7 दिन तक निरंतर प्रवाहित होगी। इस आयोजन के मुख्य आयोजक जमरथ नेताम, पिलम राम नेताम एवं हारबाई नेताम हैं।



कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजकों ने बताया कि सुप्रसिद्ध कथा वाचक महाराज धनंजय तिवारी अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को भागवत महिमा का रसपान कराएंगे। कथा को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है और आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजक परिवार ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं को इस आध्यात्मिक समागम में सपरिवार पधारकर पुण्य लाभ अर्जित करने का विनम्र आग्रह किया है।

### 11 किलो गांजा बरामद 3 तस्कर गिरफ्तार

**फिंगेश्वर।** गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर पुलिस ने गांजा का अवैध तस्करी कर बाइक से ले जाते हुए तीन आरोपियों को धर दबोचा। आरोपियों के पास से 11 किलो से ऊपर गांजा बरामद किया गया। आरोपियों के पास से गांजा के अलावा एक मोटर सायकिल जप्त किया गया। गांजा का मूल्य बाजार भाव के हिसाब से 5 लाख से ऊपर आंका गया है। ज्ञात हो कि पुलिस के लगातार छापामार कार्यवाही से गांजा तस्करों मे हडकंप है।

# उदंती रिजर्व में नन्हे मेहमानों की दस्तक, ब्लू बियर्डेड बी ईटर दुर्लभ पक्षियों का लगा जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर


उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व से वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक बहुत ही सुखद और सकारात्मक खबर सामने आई है। रिजर्व के घने जंगलों में इन दिनों दुर्लभ और रंग-बिरंगे पक्षियों का जमावड़ा लगा हुआ है। पक्षी प्रेमियों ने यहां ब्लू बियर्डेड बी ईटर और मालाबार पाइड हॉर्नबिल जैसे शानदार पक्षियों को करीब से देखा है। जंगल में पक्षियों की बढ़ती चहचहाहट इस बात का संकेत है कि यहां का प्राकृतिक वातावरण इन नन्हे मेहमानों को खूब रास आ रहा है और इनके संरक्षण के प्रयास रंग ला रहे हैं। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में इन दिनों पक्षियों की कई ऐसी प्रजातियां दिख रही हैं जो आमतौर पर बहुत कम नजर आती हैं। घने पेड़ों के बीच चमकते पीले रंग का ब्लैक हुडेड ओरियोल (पीलक) और अपनी लंबी पूंछ के लिए मशहूर रैकेट टेल्ड ड्रोंगो पर्यटकों को अपनी ओर खींच रहे हैं। इनके साथ ही ग्रे हॉर्नबिल की मौजूदगी ने भी वन विभाग के अधिकारियों को उत्साहित ▸▸|शेष पेज 12 पर

## दुर्लभ प्रजातियों के दीदार से खिले पर्यटकों के चेहरे



### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

इन दुर्लभ पक्षियों के दिखने से आने वाले दिनों में यहां बर्ड वॉचिंग (पक्षी दर्शन) के शौकीनों की भीड़ बढ़ने की उम्मीद है। स्थानीय गाइडों का कहना है कि जब से ये सुंदर पक्षी दिखना शुरू हुए हैं पर्यटकों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। यह न केवल प्रकृति के लिए अच्छा है बल्कि इससे स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिल सकते हैं। ब्लू बियर्डेड बी ईटर अपनी नीली दाढ़ी जैसे पंखों के लिए मशहूर यह पक्षी बेहद खूबसूरत दिखता है। आंकड़ों की नजर में रिजर्व टाइगर रिजर्व में अब तक पक्षियों की 200 से ज्यादा प्रजातियां दर्ज की जा चुकी हैं। अधिकारियों के मुताबिक पिछले दो सालों में कुछ ऐसी प्रजातियां भी देखी गई हैं जो पहले यहां से विलुप्त मानी जाती थीं। वन विभाग अब इन पक्षियों के बारे में आम लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष जानकारी बोर्ड लगाने की योजना बना रहा है।




## मांग : ग्रामीणों ने कहा बासीन से सोंढूर तक उखड़ी सड़क की हो तत्काल मरम्मत

# मैनपुर-नगरी मार्ग जर्जर, सफर जानलेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मैनपुर झरियाबाहरा से नगरी एंव मुख्य धमतरी मार्ग में झरियाबाहरा से सोंढुर तक सड़क की हालत दिनों दिन बेहद खराब होती जा रही है, मैनपुर से नगरी जगदलपुर धमतरी जाने वाला यह मुख्य मार्ग है और प्रतिदिन सैकडो यात्री वाहनों के साथ मालवाहक वाहनो का इस मार्ग में आना जाता होता है लेकिन बासीन से लेकर सोढूर तक सड़क की हालत बेहद ही खराब हो गई है, सडक जर्जर हो जाने के कारण वाहन को एक गढ्ढे से बचाने पर चक्का दूसरे गढ्ढे पर चला जाता है और आए दिनों इस मार्ग में वाहन खराब होना, पंचर होना साथ ही मोटर सायकल चालक से लेकर बड़े वाहन तक के चालकों को भारी परेशान होते देखा जा सकता है साथ ही दुर्घटनाएं बढ़ गई है। इस ओर लोक निर्माण विभाग कोई ध्यान ही नहीं दे रहा है, जबकि हजारों लोगों का आने-जाने का यह मुख्य मार्ग है। क्षेत्र के लोगों ने लोक ▸▸|शेष पेज 12 पर




### सड़क पर बिछी रेत की परत, बड़ी दुर्घटना का अंदेशा

राजिम। महानदी में पंडित जवाहरलाल नेहरू पुल पर यातायात सुधार के नाम पर पुलिस स्टॉपर लगाकर मार्ग को डिवाइड तो कर दिया गया, लेकिन पीडब्ल्यूडी और नेशनल हाईवे विभाग की घोर लापरवाही ने इस पुल को दुर्घटनाओं का केंद्र बना दिया है। रायपुर की ओर से आने वाले लेन में भारी मात्रा में रेत जमा है, जिससे दोपहिया वाहन चालक लगातार फिसल रहे हैं। स्कूटर और बाइक सवार सड़क पर गिर रहे हैं और पीछे से तेज रफ्तार चारपहिया वाहनों की चपेट में आने से बाल-बाल बच रहे हैं। सवाल यह है कि पीडब्ल्यूडी क्या किसी बड़ी जानलेवा दुर्घटना का इंतजार कर रहा है? स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पुल पर रेत जमा होने की स्थिति कई दिनों से बनी हुई है। सड़क में पड़े रेत के ढेर को दो दिन पहले थोड़ा हटाने का प्रयास जरूर किया गया लेकिन एक बड़े हिस्से में इकट्ठे हो गए रेत दुर्घटना का कारण बन सकता है। अभी राजिम मेला चल रहा है। गाड़ियों का अंबार लगा हुआ है। स्थानीय अधिकतर लोग दोपहिया से ही आना-जाना करते है। ऐसे में किसी भी दिन गाड़ी स्लीप होती है तो बड़ी दुर्घटना हो सकता है। थोड़ी सी चूक किसी भी वक्त बड़ी त्रासदी में बदल सकती है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र रेत हटाकर सड़क को सुरक्षित नहीं किया गया, तो भविष्य में होने वाली किसी भी दुर्घटना की सीधी जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी और नेशनल हाईवे विभाग की होगी। अब बड़ा सवाल यही है- क्या जिम्मेदार विभाग हादसे के बाद जागेंगे या समय रहते कार्रवाई करेंगे?

## गरीबा में महिला की हत्या

# चरित्र पर लांछन से नाराज दो महिलाओं ने ली जान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मैनपुर विकासखण्ड के शोभा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गरीबा में एक दिल दहला देने वाली हत्या की वारदात हुई है इस हत्या में एक महिला को गांव के ही दो अन्य महिलाओं ने मिलकर लात घुसे व सीने पर चढ़कर डंडे से पिट पिटकर हत्या कर दिया। घटना में एक विशेष बात यह रही जिन दो महिलाओं ने मिलकर यह हत्या को अंजाम दिया है उन पर मृतक द्वारा लगातार गांव में चरित्र को लेकर विभिन्न तरह की लान्छन लगाती थी जिसे लेकर इन दोनों महिलाओं में नराजगी इस हद तक बढ़ गई कि हत्या के पूर्व मृतक के गुप्तांक में मिर्ची व अन्य ज्वलनशील पदार्थ डालकर पहले उसे जमकर ▸▸|शेष पेज 12 पर

- पहले महिला के गुप्तांक में मिर्ची व ज्वलनशील पदार्थ डालकर तड़पाया और पीट -पीटकर की हत्या



# पीएम आवास मापदंड के अनुसार निर्माण के बाद भी किस्त नहीं मिली



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मापदंड के अनुसार पीएम आवास का निर्माण कार्य पूरा करने के बाद भी हितग्राहियों को किस्त जारी नहीं की जा रहा है। हालंकि किस्त जारी करने के लिए प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र से लगातार शिकायत मिल रही है कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त जारी होने के बाद सैकड़ो लोग आवास निर्माण कार्य चौखट लेबल तक पूर्ण कर लिया है और जीओ टेकिंग भी हो गया है बावजूद इसके दूसरी किस्त जारी नहीं किया जा रहा है जिसके कारण हितग्राही बेहद परेशान है हितग्राहियों ने बताया की प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए दुकानों से कर्ज लेकर ▸▸|शेष पेज 12 पर



# कलेक्टर जनदर्शन में 38 आवेदकों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए नागरिकों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। कलेक्टर श्री उइके ने आज जनदर्शन में 38 लोगों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनकर और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। आज के जनदर्शन में ग्राम गुरूजीभाटा के द्वारू गाड़ा ने वन अधिकार पट्टा प्रदान करने, ग्राम सुरसाबांधा की गैंदीबाई साहू ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम कुम्हरमरा की कु. किर्ति साहू ने आधार कार्ड बनवाने के लिए, ग्राम अमलीपदर के हरिश्चर रॉव ने पेंशन प्रकरण के स्वीकृति के संबंध में, पाटसिवनी की कामनी कुर्रे ने उज्जवला गैस योजना का लाभ प्रदान करने, ग्राम फिंगेश्वर की सुनीता भण्डारी ने पीएम आवास दिलाने, ग्राम भिरीपानी के चरण मसरा ने विद्युत कनेक्शन प्रदान करने, ग्राम तवरबाहरा की उर्वशी धुरव ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए, ▸▸|शेष पेज 12 पर




## सन्नाटे ने बढ़ाई व्यापारियों की चिंता

# फीकी पड़ रही राजिम मेले की रंगत, सजे हैं झूले और दुकानें, लेकिन भीड़ नदारद




हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजिम

राजिम में चल रहा परंपरागत मेला इस बार अपनी पहचान खोता नजर आ रहा है। न तो नवीन मेला मैदान में वह चहल-पहल दिखाई दे रही है, और न ही महोत्सव स्थल में श्रद्धालुओं की अपेक्षित भीड़ जुट पा रही है। मेला क्षेत्र में सन्नाटा और सूखापन साफ झलक रहा है। हर वर्ष जहां मेले में दूर-दराज से श्रद्धालु, व्यापारी और पर्यटक उमड़ते थे, वहीं इस बार हालात इसके उलट हैं। झूले, दुकानें और सांस्कृतिक स्थल तो सजे हैं, लेकिन ग्राहक और दर्शक नदारद हैं। इससे न केवल दुकानदार निराश हैं, बल्कि स्थानीय व्यापार पर भी सीधा असर पड़ रहा है। मेले की इस फीकी तस्वीर के पीछे कारण स्पष्ट नहीं हैं। कुछ लोग व्यवस्थाओं में कमी की बात कर रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि प्रचार-प्रसार की भारी कमी रही है। वहीं श्रद्धालुओं का मानना है कि यातायात, पार्किंग और मूलभूत सुविधाओं की अव्यवस्था भी लोगों को मेले तक आने से रोक रही है। सवाल यह है कि जिस राजिम मेले की पहचान आस्था, संस्कृति और भव्यता रही है, वह इस बार लोगों को क्यों नहीं खींच पा रहा? यदि समय रहते कारणों की समीक्षा कर व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया, तो यह मेला न केवल आयोजन की दृष्टि से, बल्कि आस्था और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिहाज से भी कमजोर पड़ सकता है।

## खबर संक्षेप

### हरदीभाठा में श्री रामचरित मानस सम्मेलन 6 से

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम पंचायत हरदीभाठा में हर वर्ष श्री रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन पूरे परंपरा



अनुसार एवं धुमधाम से किया जाता है जिसके लिए ग्रामीण पिछले कई माह से तैयारी कर रहे है और यहां आयोजित होने वाले मानस सम्मेलन पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है जहां क्षेत्र के अलावा अन्य जिलों से भी लोग श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचते है। इस वर्ष ग्राम हरदीभाठा में 06 फरवरी से 08 फरवरी तक श्री रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें 18 मानस परिवारो द्वारा श्री रामचरित का गान करेंगे।

### केन्द्रीय बजट विकास विश्वास और आत्मनिर्भर भारत की नींव : शिवांगी

**पाण्डुका।** केन्द्र सरकार द्वारा वित्तमंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने देशहित के लिए प्रस्तुत बजट का गरियाबंद जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने स्वागत करते हुए संतुलित, दूरदर्शी एवं सर्वसमावेशी बजट बताया। इस



बजट में किसान, युवा, महिलाएं, श्रमिक, मध्यम वर्ग, गरीब एवं व्यापारी वर्ग देश के सभी वर्गों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक नई उम्मीद और नई दिशा लेकर आया है, तथा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम है। शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में उद्योग, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी ने इस बजत का सराहना करते हुए कहा कि यह बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की भावना को साकार करता है और देश को प्रगति के पथ पर और तेजी से आगे ले जाएगा। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट भारत को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से मजबूत राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

### छात्रा से छेड़छाड़ का मामला, गिरफ्तार

**झलप।** ग्राम छिलपावन स्थित मिडिल स्कूल में नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता के परिजनों द्वारा थाना पटेवा में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पटेवा पुलिस ने प्राप्त शिकायत के आधार पर आरोपी सागर धीवर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में रिमांड पर प्रस्तुत किया है।

# कन्या शाला में वार्षिकोत्सव की धूम, विधायक साहू ने की साइकिल स्टैंड निर्माण की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

शासकीय कन्या स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक इन्द्रकुमार साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अन्नपूर्णा देवांगन ने की। विशेष अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी ,मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, सांसद प्रतिनिधि नीता धीवर, विधायक प्रतिनिधि संजीव सोनी, पार्षद अजय साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। अतिथियों के स्वागत पश्चात छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में तांडव नृत्य, भक्ति गीत, बारहमासी नृत्य, मरयारी गीत, संबलपुरी, पंथी, सुआ, राऊतनाचा, राजस्थानी, बंगाली एवं साउथ डांस सहित विभिन्न लोकनृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंजली कंसारी ग्रुप द्वारा प्रस्तुत तांडव नृत्य एवं भक्ति गीत, सिमरन गिलहरे की आकर्षक प्रस्तुति तथा कृति सूर्यवंशी समूह द्वारा प्रस्तुत जल-जंगल-वन संरक्षण विषयक लघुनाटिका ने पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। वरिष्ठ व्याख्याता प्रियंका साहू द्वारा शाला प्रतिवेदन का वाचन किया गया एवं मांग-पत्र विधायक महोदय को सौंपा गया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने साइकिल स्टैंड निर्माण की घोषणा करते हुए अन्य मांगों पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया।

## मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ



### बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं छात्राएं

अपने उदबोधन में अतिथियों ने छात्राओं को मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़कर समाज व देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम प्राचार्य टोपसिंग ध्रुव के मार्गदर्शन एवं संचालन व्याख्याता पूनम मांडे एवं मधु देवांगन द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में जीआर ग्वाल, योगिता सिन्हा एवं यूआर तारक उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था के व्याख्याता गण-प्रीति तिवारी, कुंज ध्रुव, खुशबू साहू व्यास, अमिता तिवारी, किरण मिंज, अंजली नागवंशी, खिलेश्वरी दीवान, मनीष कुमार शर्मा, किसनलाल चंद्राकर, नामेवर साह, सीमा साहू, कुसुम ध्रुव, मनीष शर्मा अर्चना रणसिंग, डी निर्मलकर, रमेश ध्रुव , हेमलता बंजारे, जीवनलाल सिन्हा, राजकुमार निषाद, कॉलेज स्टाफ, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## कार्यक्रम : उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग खिलाड़ियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

# जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों ने राज्य स्तर पर लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने मंगलवार को जिला कार्यालय के कलेक्टोरेट कक्ष में 16वीं राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दिव्यांग खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों की मेहनत और प्रयास की सराहना की। कृषि महाविद्यालय जोरा रायपुर में 28, 29 एवं 30 जनवरी 2026 को आयोजित 16वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में गरियाबंद जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में जिले से कुल 17 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिनमें से कई खिलाड़ियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

प्रतियोगिता में चुनेश्वर सिन्हा (दृष्टिबाधित) ने लंबी कूद में प्रथम स्थान, प्रियंका धुरव (दृष्टिबाधित) ने लंबी कूद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इशकुमार ध्रुव (अल्प दृष्टिबाधित) ने 100 मीटर दौड़ एवं तावा फेंक में द्वितीय तथा गोला फेंक में तृतीय स्थान हासिल किया। इसी तरह देवी सिंह विश्वकर्मा (दृष्टिबाधित) ने 100 मीटर दौड़ व तावा फेंक में तृतीय स्थान, लक्ष्मीनारायण नेताम (दृष्टिबाधित) ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय एवं तावा-गोला फेंक में तृतीय स्थान, जबकि डोमार यादव (दृष्टिबाधित) ने गोला फेंक में तृतीय स्थान प्राप्त किया। अस्थिबाधित खिलाड़ी तारणी प्रजापति ने तावा फेंक, गोला फेंक एवं भाला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सफलता अर्जित की।




### नीलम 100 मीटर दौड़ में प्रथम

इसी प्रकार प्रीति यादव ने लंबी कूद में प्रथम स्थान, भीष्म नारायण (दृष्टिबाधित) ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान, चंद्रभूषण ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान, नीलम टंडन ने 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान तथा किंजल साहू ने 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 25 एवं 26 जनवरी 2026 को फिंगेश्वर में आयोजित जिला स्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में यह सफलता अर्जित की थी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला पैरा स्पोर्ट्स संघ गरियाबंद द्वारा किया गया था। जिसके अध्यक्ष प्रीति यादव हैं। इस उपलब्धि पर शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान गरियाबंद, स्कूल समर्थ दिव्यांग आवासीय विद्यालय गरियाबंद की अधीक्षिका लक्ष्मी रानी ध्रुव, साथ ही सुनील यादव, कुंदन सेन, ओमप्रकाश साहू, कोमल यादव, तारणी ध्रुव, हीरामानी यादव सहित सभी प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी। संस्था से कुल 6 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर सफलता प्राप्त की।

# कोटरी में पहुंचा हिरण बच्चों ने दिखाई मानवता विभाग ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर





उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व फॉरेस्ट सीमा से लगे ग्राम उमरगांव के शासकीय स्कूल मैदान में आज मंगलवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जंगल से भटककर आया एक कोटरी हिरण मैदान में लगे जाली तार में फंस गया। इस दौरान मैदान में क्रिकेट खेल रहे युवकों की नजर घायल हिरण पर पड़ी, जिन्होंने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए उसे सुरक्षित बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि जाली तार में मुंह फंसने से हिरण घायल हो गया था, उसके मुंह से खून बह रहा था। बच्चों और ग्रामीणों ने बिना समय गंवाए हिरण को माध्यमिक शाला भवन में सुरक्षित स्थान पर रखा ताकि उसे नुकसान न पहुंचे। घटना की सूचना तत्काल महेश अग्रवाल सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा वन परिक्षेत्र बिरगुड़ी और पत्रकारों को दी गई। पत्रकारों ने इसकी जानकारी उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व, गरियाबंद के उपनिदेशक वरुण जैन को फोन के माध्यम से जानकारी दी गई, जिसके बाद यूएसटीआर के सहायक संचालक राजपूत, वन रक्षक अमित पटेल, अनिल कश्यप सहित वन विभाग की रेस्क्यू टीम जल्द ही मौके पर पहुंचकर हिरण को सुरक्षित पकड़कर बोलेरो गाड़ी से उपचार कराने के लिए लेकर गए। जहां एक ओर आए दिन वन्य जीवों के शिकार की घटनाएं सामने आती रहती हैं, वहीं दूसरी ओर उमरगांव के बच्चों और ग्रामीणों की यह संवेदनशीलता और दयाभाव समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण ह। यह घटना साबित करती है कि मानवता और प्रकृति बीच आज भी करुणा और सहअस्तित्व की भावना जीवित है।

# पुणे में राष्ट्रीय प्रशिक्षण लेकर लौटे शिक्षक अब नए अंदाज में पढ़ेंगे गणित व विज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

गणित एवं विज्ञान शिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान पुणे में राष्ट्रीय स्तर का तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने उक्त प्रशिक्षण में भाग लिया। का विशेष रूप से दिशा निर्देश प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय स्तर के इस प्रशिक्षण में जिले से चयनित शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा, अवनीश पात्र, दीपिका भोई, सोनाली मडामे तथा माधुरी वर्मा शामिल हुए। शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने बताया कि गणित एवं विज्ञान शिक्षण की आधुनिक एवं नवाचारी पद्धतियों का गहन अध्ययन किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों क तथा जैसी आधुनिक



शैक्षणिक अवधारणाओं से अवगत कराया गया। विज्ञान विषय को तथ्यों के संग्रह के बजाय एक सतत प्रक्रिया के रूप में प्रस्तुत करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही की संकल्पना, उद्देश्य एवं उसके कक्षा-स्तर पर उपयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। गणित शिक्षण अंतर्गत क्षेत्रफल, आयतन, तार्किक चिंतन तथा दैनिक जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से अवधारणाओं को सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की विधियाँ सिखाई गईं। वहीं विज्ञान विषय में ध्वनि, प्रकाश, गुरुत्वाकर्षण, तरंगदैर्ध्य, आवृत्ति, पिच एवं अनुनाद जैसे जटिल विषयों को गतिविधि एवं प्रयोग आधारित तरीकों से समझाया गया। इसके अतिरिक्त डिजिटल टूल्स, शैक्षणिक ऐप्स तथा कम लागत वाली शिक्षण-अधिगम सामग्री के निर्माण एवं उपयोग पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। एवं प्रयोगशालाओं के भ्रमण से शिक्षकों को प्रयोगात्मक अधिगम की व्यवहारिक समझ प्राप्त हुई। सिन्हा ने बताया कि इस प्रशिक्षण से उन्हें कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, व्यवहारिक एवं छात्र-केंद्रित बनाने की नई दृष्टि प्राप्त हुआ है। प्रशिक्षण उपरांत सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में अर्जित ज्ञान का उपयोग कर नवाचारी शिक्षण गतिविधियाँ संचालित करेंगे, जिससे गरियाबंद जिले में गणित एवं विज्ञान शिक्षण की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# बिना अनुमति क्लास रूम से उठाकर जलाशय ले गए रेंजर, कड़ी धूप में बच्चों से कराया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

- वाहवाही लूटने के चक्कर में बच्चों की पढ़ाई से खिलवाड़

वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष चौहान द्वारा तौरंगा जलाशय में दो फरवरी की वेटलैंड दिवस कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं उसके स्टॉफ द्वारा स्कूल में पढ़ने गए बच्चों को बिना शिक्षा विभाग के परमिशन लिए कड़ी धूप में भीड़ बढ़ाने के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान व कार्यक्रम में शामिल किया है । अभी बच्चे परीक्षा की तैयारी में जुटे हुए हैं और ऐसे समय में स्कूली बच्चे जो कक्षा में पढ़ाई कर रहे है उन्हें व्यवधान पहुंचाना कितनी बड़ी लापरवाही है। भरी दोपहर में बच्चों को स्कूल से उठाकर स्कूल से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर कार्यक्रम स्थल में सिर्फ भीड़ बढ़ाकर फोटो खिंचवाकर वाहवाही लूटने के लिए उपयोग किया जाना कितनी बड़ी लापरवाही है। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिधि जिला, जनपद, पंचायत सभी शामिल होकर करके बच्चों और वनविभाग के अधिकारी फोटो खिंचवाकर सोशल मीडिया, वाहवाही लूट रहे है। स्कूल तौरंगा के प्रधान पाठक से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि मैं दो दिनों से अपने निजी कार्य के कारण बाहर हूं वन परिक्षेत्राधिकारी संतोष चौहान ने कहा की शासन के कार्यक्रम है जिसमें बच्चों को शामिल किया गया है और उन्हें जानकारी प्रदान की गई है उन्हें गाड़ी में लाया गया था।



## पेज 11 के शेष...

### उदंती रिजर्व में नन्हे...

कर दिया है। जानकारों का कहना है कि जहां पक्षियों की संख्या अधिक होती है वहां का पारिस्थितिकी तंत्र सबसे मजबूत माना जाता है।

वन विभाग के मैदानी अमले द्वारा जंगलों में मानवीय दखल कम करने और जल स्त्रोतों को सुरक्षित रखने के कारण पक्षियों का बसेरा बढ़ रहा है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निदेशक वरुण जैन ने बताया कि रिजर्व का इलाका जैव विविधता से भरा हुआ है। यहां पक्षियों के लिए अनुकूल भोजन और सुरक्षित आवास उपलब्ध है जिसकी वजह से दुर्लभ पक्षी यहां अपना घर बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभाग लगातार इन पक्षियों की निगरानी कर रहा है ताकि इनका कुनबा और बढ़ सके।

### मैनपुर-नगरी मार्ग...

निर्माण विभाग से मांग किया है कि बासीन से लेकर सोढूर तक सड़क की हालत जो बेहद जर्जर है गिट्टी उखड़ गई है उसकी मरम्मत कराई जाए। झरियाबाहरा से 30 किलोमीटर सांकरा तक यह सड़क सिंगल बेहद सकरी है और दो वाहनों को साईड देने में बेहद परेशानी होती है, साथ ही सड़क किनारे पटरियों में बड़े- बड़े गढ्ढे हो गए है, जिसके कारण दुर्घटना इस मार्ग में आम बात हो गई है, लगातार क्षेत्र के लोगों ने इस सड़क की चौडीकरण मांग कर रहे हैं।

### गरीबा में महिला...

तड़पाया और उसके बाद उसे पिट पिटकर मार डाला।

गरियाबंद जिले के अंतर्गत मैनपुर शोभा थाना क्षेत्र के ओड़िशा सीमा से लगे ग्राम गरीबा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है थाना से मिली जानकारी के अनुसार गरीबा से 800 मीटर दूर ईचरादी खेत की लारी में एक महिला सुमित्र नेताम पति दलसु नेताम 37 वर्ष निवास करती है और उनका दो अन्य महिला जो गरीबा निवासी है सुगतिन नेताम 36 वर्ष एवं ईतवारिन बाई 46 वर्ष के साथ मित्रता हो गई थी एक -दूसरे के घर आना -जाना कर रहे थे लेकिन धीरे -धीरे यह मित्रता झगड़ा में तब्दील होने लगी पिछले कुछ माह से आपस में झगड़ते थे और गरीबा निवासी महिला सुगतिन नेताम एवं ईतवारीन बाई ने लारी में निवास करने वाली महिला के ऊपर आरोप लगाने लगी की वे घर -घर जाकर उनके चरित्र पर लान्छन लगाती है और यह बात देखते ही देखते इतना बढ़ गई कि आरोपी सुगतिन एवं ईतवारिन ने उस महिला को जान से मारने की पूरी रणनीति तैयार कर लिए चरित्र पर लान्छन लगाने से छुब्ध दोनों महिलाओं ने पहले से सुमित्र नेताम के लारी में पहुंची और उनसे मारपीट किया साथ ही उनके गुप्तांक में मिर्ची और अन्य ज्वलनशील पदार्थ डालकर उसे जमकर तड़पाया और सुमित्र नेताम को पिट पिटकर हत्या कर दिया। इस घटना की जानकारी पुलिस को 01 फरवरी शाम 6 बजे दिया गया दुरस्थ नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण पुलिस 02 फरवरी को मौके पर पहुंचकर पहले पूरे मामले की जॉच किया और मृतिका सुमित्र नेताम पति दलसुराम नेताम उम्र 37 वर्ष गरीबा निवासी का पोस्टमार्डम करवा कर उनके शव को उनके परिजनों को सौप दिया गया और पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही किया जा रहा है।

**मृतिका को प्रताड़ित कर की हत्या-** एएसआई एवं प्रभारी नकुल सिदार ने बताया कि गरीबा निवासी दो महिला सुगतिन नेताम एवं ईतवारीन बाई द्वारा एक महिला जो खेत की लारी में निवास करती थी उस महिला पर उन्हे बदनाम करने और उनके चरित्र लान्छन के आरोप लगाते हुए मृतिका सुमित्र नेताम की हत्या कर दिया गया और तो और उनके गुप्तांक में मिर्च व ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्डम कर मामले मे कार्यवाही की जा रही है। उन्होने बताया संदेही महिला सुगतिन नेताम एवं ईतवारिन बाई से पूछताछ किया जा रहा है।

### पीएम आवास मापदंड...

जैसे तैसे मकान निर्माण कार्य पूर्ण कर रहे है लेकिन सैकड़ो हितग्राहियों को द्वितीय किस्त की राशि नहीं दिया जा रहा है इसके पीछे एक मुख्य वजह विभागीय सूत्रों से जो मिली है किस्त जारी करने का पैटर्न बदलने के कारण यह समस्या आ रही है। लेकिन जल्द ही किस्त की राशि मिलेगी। राजु दिक्षीत, गेंदु यादव, कुमारीबाई, रामसिंह, दुर्योधन ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त की राशि मिलते ही उनके द्वारा निर्माण कार्य चौखट लेबल तक पूरा किया जा चुका है लेकिन द्वितीय किस्त की राशि जारी नहीं किया जा रहा है जबकि संबंधित विभाग के अफसर, आवास मित्र द्वारा निरीक्षण किया जा चुका है जीओ टेकिंग का कार्य किया जा चुका है जल्द ही राशि देने की मांग किया है। मैनपुर अधिकारी कपिल नायक ने बताया आज 235 लोगों का किस्त जारी किया जा चुका है और जल्द ही सभी का किस्त जारी हो जायेगा।

### कलेक्टर जनदर्शन...

ग्राम उरमाल के बाबूलाल ध्रुव ने त्रुटि सुधार कराने के लिए आवेदन सौंपा। इस पर कलेक्टर ने उनके आवेदनों को परीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# लोमष ऋषि आश्रम में लहराया सनातन धर्म ध्वज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

मेला के तीसरे दिन लोमष ऋषि आश्रम में धार्मिक आस्था और सनातन परंपरा के अनुरूप धर्म ध्वज विधिवत रूप से फहराया गया। आश्रम परिसर में उपस्थित साधु-संतों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और जयकारों के बीच यह पावन आयोजन संपन्न हुआ। ध्वज दंड में पूर्व से लिपटे भगवा वस्त्र को उतारकर नए वस्त्र धारण कराए गए। इसके पश्चात बांस के ध्वज दंड को भूमि में विधिवत गाड़कर धर्म ध्वज फहराया गया। इस दौरान पूरा आश्रम परिसर हर-हर महादेव और जय सनातन धर्म के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर संत गोकुल गिरी महाराज ने बताया कि वर्ष 2006 से प्रतिवर्ष लोमष ऋषि आश्रम में धर्म ध्वज फहराने की परंपरा निभाई जा रही है। उन्होंने कहा कि यह ध्वज सनातन धर्म की रक्षा, एकता और परंपरा का प्रतीक है। ध्वजारोहण से पूर्व विधिवत ध्वज पूजन भी किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ संत मंडल के अध्यक्ष महंत उमेशानंद गिरी महाराज सहित गोपाल गिरी महाराज, सनत महाराज, राघवेंद्र गिरी महाराज, महंत भीम गिरी महाराज, सत्यानंद महाराज, परमेश्वर गिरी महाराज, तारक भारती महाराज, लालपुरी महाराज, दत्तपुरी महाराज सहित अनेक साधु-संतों की उपस्थित रही। गोकुल गिरी महाराज ने बताया कि वर्तमान में जूना और आवाहन अखाड़ा के साधु-संत राजिम पहुंच चुके हैं। आगामी 6 फरवरी को साधु-संतों द्वारा भव्य पेशवाई निकाली जाएगी, जो महाप्रभु दत्तात्रेय मंदिर से प्रारंभ होकर नगर



भ्रमण करते हुए लोमष ऋषि आश्रम पहुंचेगी। इस अवसर पर संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के उप संचालक प्रतापचंद पारख सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। संत परंपरा अनुसार करते हैं धर्म ध्वजा की स्थापना बता दें कि संत परम्परा में ऐसी मान्यता है कि जिस तीर्थ स्थान में कुंभ, अर्ध कुंभ या कल्प कुंभ होता है वहां नागा साधुओं की उपस्थिति से कुंभ की सार्थकता होती है। नागा साधु अपने अपने अखाड़ों और संत परम्परा के अनुसार ध्वजारोहण कर धर्म ध्वजा की स्थापना करते हैं। उसी के बाद नागा सम्प्रदाय के साधु कुंभ मे आकर पर्व स्नान, शाही यात्रा जैसे आयोजनों का हिस्सा बनकर कुंभ के महत्व को पूर्ण करते हैं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सांसद बृजमोहन से मिले भाजयुमो नेता

**राजिम।** बजट सत्र के दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल से भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभिषेक सोनकर ने दिल्ली स्थित उनके निवास में सौजन्य मुलाकात किया एवं राजिम कुंभ कल्प के बारे में उन्हें जानकारी देते हुए राजिम आने के लिए आमंत्रित किया।

### उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाने वाला बजट : धनराज

**नवापारा-राजिम।** केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नगर पालिका नवापारा के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी से कहा कि बजट 2026 से देशवासियों को निराशा हाथ लगी है। बजट पेश होने के



बाद आमजनता निराश है। जिसका असर शेयर बाजार पर भी देखने को मिला। सेंसेक्स एवं निफ्टी में भारी गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों को हजारों करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। केंद्रीय बजट में छत्तीसगढ़ के लिए कुछ भी नहीं है। माइनिंग कॉरिडोर अपने चहेते उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए ऐलान किया गया है। जिससे छत्तीसगढ़ को खनिज संपदा का और तेज गति से दोहन कर अपने चहेते उद्योगपतियों मित्र को फायदा पहुंचा सके। गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवा, महिला एवं व्यापारियों के लिए हताश करने वाला बजट है। बजट में कर्मचारियों, अधिकारियों एवं व्यापारी बंधुओं ने आयकर सीमा बढ़ाए जाने की आस लगाई थी। किंतु उन्हें भी निराशा हाथ लगी।

### वोटर हेल्पलाइन ऐप की दी गई जानकारी, कहा एप से नए मतदाता अपना रजिस्ट्रेशन या पंजीयन कर सकते हैं

# फिंगेश्वर कॉलेज में गूंजी लोकतंत्र की आवाज छात्र-छात्राओं ने ली निष्पक्ष मतदान की शपथ






हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला गरियाबंद छत्तीसगढ़ के निर्देशन एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. समीक्षा चंद्राकर के मार्गदर्शन पर 16 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाया गया। यह कार्यक्रम राजनीति विज्ञान विभाग एवं आईक्युएसी के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। स्वीप प्रभारी एवं राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक तीरथ राम कपूर के द्वारा छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए कहा कि मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप्स के द्वारा फर्म-6 के माध्यम से नए मतदाता अपना रजिस्ट्रेशन या पंजीयन कर सकते हैं एवं घर बैठे वोटर आईडी पहचान पत्र प्राप्त कर सकते हैं यह सुविधा भारत सरकार एवं केंद्रीय निर्वाचन आयोग के द्वारा नागरिकों को सुलभ कराया गया है। भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक रितेश गोलछा के द्वारा मतदान के महत्व को बताते हुए कहा कि नागरिकों को उनके मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक होना चाहिए एवं इस वर्ष का थीम है मेरा भारत मेरा वोट जो नागरिकों को अपने मतदान के अधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करती है। आईक्यूएसी प्रभारी एवं अंग्रेजी के सहायक प्राध्यापक श्री कमलेश्वर प्रसाद निषाद के द्वारा मतदान के उद्देश्य को अवगत कराते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं को मतदान के बारे में जागरूक होना चाहिए एवं निष्पक्ष व प्रलोभन के बिना मतदान करना चाहिए आगे बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पहली बार भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा 2011 से मनाया जा रहा है।

**लोकतंत्र के लिए हर वोट मायने रखता है-** वनस्पति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. अलका कौशिक द्वारा छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए कहा कि लोकतंत्र के लिए हर वोट मायने रखता है लोकतंत्र तभी जीवित है जब नागरिक सक्रिय रूप से मतदान में सक्रिय रहकर सहभागिता निभाते हैं। कार्यक्रम के अंत में कमलेश्वर प्रसाद निषाद के द्वारा सभी छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम में उर्वशी चंद्राकर, देवश्री कुर्रे,डॉ. मोहन सिंह, ममता देवांगन, सतप्रीत सिंह गुरुदत्ता, दविंदर कौर, डॉ. भूलेश्वरी साहू, भावना मनहरे, भानेंद्र साहू, मेघराज तारक एवं महाविद्यालय के समस्त छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## छात्राओं ने सीखे सॉफ्ट स्किल और व्यक्तित्व विकास के गुर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

महेन्द्रा प्राइड क्लासरूम के तहत कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित नंदी फाउंडेशन के द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई फिंगेश्वर में छात्राओं के लिए सफ्ट स्किल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण का संचालन रायपुर से आए सफ्ट स्किल ट्रेनर हिरेश कुमार साहू द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण 27 से 31 जनवरी तक आयोजित किया गया, जिसमें आईटीआई में अध्ययनरत छात्राओं को जीवन कौशल एवं व्यक्तित्व विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्राचार्य देवानंद शर्मा एवं प्रशिक्षण अधिकारी अजय कुमार पटेल की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन हुआ। प्रशिक्षण सत्रों में छात्राओं को बडी लैंग्वेज, प्रभावी संवाद शैली, आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने की कला, सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण, कार्यस्थल पर व्यवहार तथा साक्षात्कार की तैयारी जैसे विषयों पर गतिविधि आधारित प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को रोजगार एवं व्यावसायिक जीवन के लिए मानसिक और व्यावहारिक रूप से सशक्त बनाना रहा। इस अवसर पर ट्रेनर हिरेश कुमार साहू ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ सफ्ट स्किल का विकास अत्यंत आवश्यक है, जिससे युवतियां आत्मनिर्भर बन सकें और अपने करियर में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकें। प्रशिक्षण में शामिल छात्रओं ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उनके आत्मविश्वास, बोलने के तरीके और व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन आया है।नांदी फाउंडेशन द्वारा भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बाते कहीं।

## सुबह कोहरे की चादर, तो दोपहर में सता रही धूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

इन दिनों मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है सुबह और शाम को इस वनांचल क्षेत्र में ठंड और कोहरा के चलते जहां जन जीवन प्रभावित हो रही है। वहीं दिन को तापमान तेजी से बढ़ रहा है मौसम में सरद गरम के कारण सेहत पर इसका विपरित असर देखने को मिल रहा है। यह तस्वीर मंगलवार सुबह पैरी उद्गम पहाड़ी ऊपर से ठंड और ओस में ली गई।



## चरौदा हाईस्कूल में वार्षिक उत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

हाईस्कूल चरौदा प्रागंण में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं हाईस्कूल चरौदा के संयुक्त तत्वाधान में वार्षिक उत्सव एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि लालता नागेश सरपंच, चरोदा, अध्यक्षता इमरान अली अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, विशिष्ट अतिथि दिलीप सोरी उपसरपंच, चरोदा, टीकुम सोरी अध्यक्ष ग्राम



समिति, सोमनाथ नागेश ग्राम पटेल, रामचरण नागेश ग्राम प्रमुख, नैनसिंग नागेश, रेशमा नागेश, महेश नागेश, रामचंद्र नायक प्रदेश उपाध्यक्ष बंजारा समाज, सुंदर ठाकुर भू.पू. सरपंच पटपरपाली, पुरुषोत्तम मरकाम सरपंच प्रतिनिधि परपरपाली, पी.डी. पटेल सचिव ग्राम पंयायत चरौदा द्वारा सरस्वती माता, भारत माता के चित्रों में दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि लालता नागेश ने विद्यालय के शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रयासों की सराहना की। अध्यक्षीय संबोधन में इमरान अली ने विद्यालय परिवार को सफल आयोजन की बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य पीएस ध्रुव, संकुल समन्वयक केशव विश्वकर्मा, प्रधानपाठक झरना दिव्य, यशवंत नारंग, प्रवीन उपाध्याय, सभी शिक्षक दयाराम, मेहत्तर साहू, प्रेमलाल निषाद, दिव्या साहू, व्याख्याता देवसिंग राहुल महानंद, सामरत निषाद, जितेन्द्र सोनवानी, निहारिकासेन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता नारायण प्रसाद साहू के द्वारा किया गया।



संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता छुईहा, मो. 9589469068

## खबर संक्षेप

### बजट, विकसित भारत की ओर निर्णायक कदम : रिकेश साहू


**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को मजबूती देने वाला और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों के लिए विकास के नए द्वार खोलने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में छत्तीसगढ़ के आदिवासी और ग्रामीण अंचलों के



लिए सड़क, रेल और बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा जा सकेगा। आदिवासी बहुल क्षेत्रों में सड़कों के विकास से शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की पहुंच आसान होगी। वहीं खरसिया,परमालकसा रेल लाइन के दोहरीकरण जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट से राज्य में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी, माल परिवहन सुगम होगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। श्री साहू ने कहा कि बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं और मध्यम वर्ग के लिए किए गए प्रावधान छत्तीसगढ़ की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को और सुदृढ़ करेंगे। उन्होंने इसे केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं बल्कि आम जनता के जीवन स्तर को ऊपर उठाने वाला जनकल्याणकारी बजट बताया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

### दो दिवसीय कबीर सत्संग ज्ञान समारोह 5 से

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह बाजार चौक में दो दिवसीय कबीर सत्संग ज्ञान समारोह का शुभारंभ 5 फरवरी



गुरुवार को होगा। संगीतमय साध्वी ज्योति साहेब अपने सन्त मंडली के साथ साध्वी आश्रम सुठालिया जिला-राजगढ़ मध्यप्रदेश वाले द्वारा किया जाएगा। एवं साथ ही भजन मंडलीय भी अपना प्रस्तुती देंगे। कार्यक्रम 5 व 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक और शाम 3 से 5 बजे तक चलेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के समस्त कबीर पंथी श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेगी। सभी ग्रामीणों को उपस्थित होने की अपील की है।

## निधन

### सोहागा बाई साहू

**कोपरा।** ग्राम अरण्ड निवासी सोहागा बाई साहू उम्र 90 वर्ष का सोमवार शाम को निधन हो गया।



जिसका अंतिम संस्कार मंगलवार को मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें परिजन सहित ग्रामीण शामिल हुए। वे मुनित साहू, मोतीलाल साहू, पवन साहू की माता व पत्रकार किरण कुमार साहू, राकेश साहू, प्रकाश साहू की दादी तथा देवमणी, नमन, पूर्वेश, रूपेश की परदादी थी।

**बैठक : समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए डिजिटल प्रशासन के सख्त निर्देश**

# अब सरकारी दफ्तरों में नहीं चलेगा ऑफलाइन खेल, बायोमेट्रिक हाजिरी अनिवार्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मंगलवार को कलेक्टर बीएस उइके की अध्यक्षता में समय-सीमा की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों की प्रगति, लंबित प्रकरणों के निराकरण तथा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन में जवाबदेही, पारदर्शिता और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा। उन्होंने मुख्य सचिव के निर्देशों का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि जिले के सभी विभागों में बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समय पर उपस्थिति दर्ज कराना सभी अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी होगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अब किसी भी विभाग में ऑफलाइन कार्यप्रणाली स्वीकार्य नहीं होगी। समस्त कार्यालयीन कार्य डिजिटल माध्यम से ही संचालित किए जाएंगे, जिससे कार्यों का रिकॉर्ड सुरक्षित रहे और प्रशासनिक प्रक्रियाओं में तेजी आए। उन्होंने बताया कि कार्यालयीन स्टाफ के सीआर स्पायरो पोर्टल के माध्यम से ही तैयार किए जाएंगे, जिससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने कहा कि अवकाश से संबंधित सभी आवेदन भी अब पूर्णतः ऑनलाइन माध्यम से ही प्रस्तुत किए जाएंगे। इससे अवकाश स्वीकृति प्रक्रिया सरल, त्वरित और रिकॉर्ड आधारित होगी तथा अनावश्यक विलंब की स्थिति समाप्त होगी।

■ बायोमेट्रिक उपस्थिति और पूर्णतः ऑनलाइन कार्यप्रणाली पर जोर

**लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश, लापरवाही पर चेतावनी**

### कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें

कलेक्टर ने समय-सीमा के प्रकरणों पर सख्त रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि लंबित मामलों के निराकरण में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाए। सभी अधिकारी नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करें और प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में 'जल शक्ति' कार्यक्रम को संस्थागत स्वरूप देने पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि जल संरक्षण, जल उपयोग दक्षता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए जिले में योजनाबद्ध गतिविधियाँ संचालित की जाएं। इसके अलावा विभिन्न प्राधिकरणों के अंतर्गत संचालित निर्माण एवं विकास कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें और कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक समय पर पहुंच सके। बैठक में जिला पंचायत



के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि डिजिटल प्रशासन, त्वरित निर्णय और प्रभावी समन्वय के माध्यम से जिले की प्रशासनिक कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा।

# रसेला में सर्दी ने तोड़ा 36 सालों का रिकॉर्ड

**8.4 डिग्री तक गिरा पारा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

इस बार की सर्दी का मौसम विदा की ओर है, लेकिन जाते-जाते यह ठंड अपने पीछे लंबे समय तक याद रहने वाला असर छोड़ गई। नवंबर से जनवरी तक करीब 90 दिनों तक चली सर्दी ने क्षेत्रवासियों को खूब ठिठुराया। इस दौरान 52 दिन ठंड का स्पष्ट असर रहा, जिनमें 32 दिन कड़ाके की ठंड वाले रहे। कई रातों में तापमान 9 से 10 डिग्री सेल्सियस या इससे भी नीचे चला गया, जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। खासतौर पर 5 जनवरी को पड़ी कड़ाके की ठंड ने इस पूरे सर्दी सीजन को ऐतिहासिक बना दिया, जब न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस तक था। इस पूरे सर्दी सीजन का सबसे ठंडा दिन 5 जनवरी रहा, जब न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। यह तापमान न केवल जनवरी माह का बल्कि पूरे सर्दी सीजन का सबसे निचला स्तर रहा। कभी अचानक ठंड बढ़ी तो कभी थोड़ी राहत मिली, लेकिन कुल मिलाकर सर्दी का असर लंबे समय तक बना रहा। 8.4 डिग्री का तापमान 36 साल में पहली बार रहा। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार इस वर्ष लंबी अवधि तक ठंड पड़ने



के पीछे कई कारण रहे। इनमें लानीना का प्रभाव, बार-बार सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ, उत्तरी भारत से आई ठंडी हवाएं और साफ आसमान प्रमुख रहे। इसके साथ ही पहाड़ी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी का असर भी मैदानी इलाकों तक पहुंचा, जिससे ठंड और ज्यादा महसूस हुई। रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक रहा, न्यूनतम 13.6 डिग्री के साथ सामान्य से 1.9 डिग्री कम रहा।

# मुढीपानी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

कचना ध्रुवा निजी महाविद्यालय छुरा द्वारा ग्राम पंचायत मुढीपानी में 27 जनवरी से लेकर 1 फरवरी तक 7 दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का रविवार को समापन हुआ। शिविर में शामिल स्वयंसेवकों को नशे के दुष्परिणामों, नशा उन्मूलन के लिए सामुदायिक जागरूकता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, सामुदायिक जीवन, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क तथा समाज और राष्ट्र निर्माण में युवाओं को भूमिका की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम में स्वच्छता अभियान, जन जागरुकता रैली, श्रमदान, सामाजिक संवाद एवं सेवा गतिविधियों का आयोजन कर ग्रामीणों को नशा मुक्त समाज का संदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि शिविर का आयोजन नशा मुक्त समाज के लिए युवा की थीम पर किया गया था, जिसमें कुल 60 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य बिमला नागेश, अध्यक्षता प्रबंधन समिति के सदस्य तेजस्वी यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीमा गुप्ता उपसरपंच, कार्यक्रम अधिकारी आर के कुर्रे, टीके निर्मलकर सर, निर्मला यादव, विनोद यादव, कुमारी लुकेश्वरी साहू, डुमेश्वर यादव, ग्राम पटेल बृजलाल कंवर, सहित सभी ग्राम प्रमुख उपस्थित थे। मुख्य अतिथि बिमला नागेश जनपद सदस्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है। स्वयंसेवकों ने शिविर के दौरान जिस अनुशासन, सेवा भावना और सामाजिक चेतना का परिचय दिया वह सराहनीय है। इसी कड़ी में सीमा गुप्ता उपसरपंच अपने संबोधन में कहा कि आज समाज के समक्ष नशाखोरी एक गंभीर चुनौती बन चुकी है, जिससे युवा वर्ग सर्वाधिक प्रभावित हो रही है। ग्राम प्रमुख दयाराम नागेश, कृष्णा गुप्ता, गोकुल ध्रुव, थानेश्वर कंवर, जयराम दिवान ऐसे शिविर युवाओं को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान महाविद्यालय द्वारा मुख्य अतिथि को स्वामी विवेकानंद की छाया चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# दुतकैया विवाद, आरोपी परिवार को जिले से बाहर करने प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

इत्तेहाद कमेटी एवं मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अल्तमश सिद्दीकी ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नवापारा-राजिम मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवियों एवं इत्तेहाद कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा ग्राम दुतकैया में हाल ही में हुए विवाद को लेकर एक आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक सौहार्द्र, क्षेत्र की शांति एवं



सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि ग्राम दुतकैया निवासी महमुद्दीन कुरैसी उर्फ भोलू भाई के पुत्र आरिफ खान के लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने से क्षेत्र में भय एवं असुरक्षा का वातावरण बन रहा है। अतएव इत्तेहाद कमेटी, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से निवेदन करती है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जाए, जिससे क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। इत्तेहाद कमेटी के अंतर्गत आने वाले मुस्लिम समाज को अवगत कराते हुए गरियाबंद जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन से निवेदन किया है की ग्राम दुतकैया में महमुद्दीन कुरैसी उर्फ भोलू भाई के लड़के आरिफ खान जो एक आदतन अपराधी बन चुका है और जो सभी समाज के लिए साथ ही सामाजिक सौहार्द्र के लिए भी खतरा बन चुका है चूंकि उसके माता पिता भी उसे सम्भाल नही पाए और उसे सही मार्ग में नही चला पाए इसलिए महमुद्दीन खान एवं उसकी पत्नी बच्चों सहित उसे ग्राम दुतकैया से निकाला जाए और उसे गरियाबंद जिला व गरियाबंद जिले से लगे रायपुर धमतरी के नजदीक भी किसी गांव में रहने ना दिया जाए और ना ही इनको किसी प्रकार से मुस्लिम समाज की ओर से आर्थिक या किसी प्रकार की मदद ना दी जाए ये कही और किसी जगह जाकर रहे लेकिन हमारे आसपास के क्षेत्र में ना ये ना इनके बीबी बच्चे निवास करें और ना आना-जाना करें साथ ही और भी जितने अपराधी किस्म के लोग हैं उन पर अंकुश लगाए या तत्काल उनका जिलाबदर करे। साथ ही यह भी प्रस्तावित किया गया कि समाज के सभी सदस्य सामाजिक एकता और भाईचारे को बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधियों से दूर रहें। मुस्लिम समाज ने दुतकैया में संकट की स्थिति के दौरान फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने में पुलिस प्रशासन द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए उनका आभार व्यक्त किया है। इसके अतिरिक्त समाज ने शासन एवं प्रशासन से मांग की है कि ग्राम दुतकैया में आगजनी से प्रभावित पीड़ित परिवारों को शीघ्र उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि वे अपने घरों की मरम्मत कर सामान्य जीवन पुनः प्रारंभ कर सकें। साथ ही घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इत्तेहाद कमेटी ने सभी नागरिकों से शांति, आपसी सद्भाव एवं कानून का पालन करने की अपील की है।

# केंद्रीय बजट नारी शक्ति का सशक्त प्रतिबिंब : योगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा ने केंद्रीय बजट 2026 राजधानी रायपुर में प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष विभा अवस्थी के नेतृत्व में सुना। बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुवे प्रदेश महिला मोर्चा सदस्य योगिता सिन्हा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विकसित भारत को आधार मानकर जनहितैषी बजट पेश किया है। जिसमें गांव, गरीब, मजदूर, महिला, व्यापारी एवं युवाओं एवं सभी वर्गो फायदा पहुंचाने वाला बजट बताया। वित्त मंत्री ने वित्तीय वर्ष 26-27 के बजट में खासकर युवाओं एवं



महिलाओं के सपनों को उड़ान देने वाला है। प्रत्येक जिले में छात्राओं को पढ़ाई में बाधा को दूर करने के लिए हॉस्टल का निर्माण, महिलाओं में उद्यमिता को बढ़ाने के लिए दस हजार करोड़ रूपए का इक्विटी फंड, ग्रामीण महिलाओं के उत्पाद के लिए बाजार उपलब्ध करने के लिए सी-मार्ट एवं लखपति दीदी योजना का विस्तार स्वागत योग्य है। देश में स्वास्थ्य सेवा को अधिक मजबूती देने के लिए आयुर्वेदिक एम्स की स्थापना विकसित भारत की ओर एक मजबूत कदम है। वित्त मंत्री ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए जनकल्याणकारी बजट पेश किया है।

# सम सेमेस्टर के छात्रों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में सम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रणाली, नियमावली, पाठ्यक्रम संरचना एवं उपलब्ध संसाधनों से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी प्रोग्राम के कक्षा-नायक दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नवीन सेमेस्टर के लिए शुभकामनाएँ दीं। ओरिएंटेशन प्रोग्राम के प्रमुख बिंदु विश्वविद्यालय का परिचय एवं विज़न मिशन, सम सेमेस्टर की शैक्षणिक योजना एवं अकादमिक कैलेंडर,परीक्षा प्रणाली,




आंतरिक मूल्यांकन एवं उपस्थिति नियम, लाइब्रेरी, ई-लर्निंग एवं डिजिटल संसाधनों की जानकारी, अनुशासन, आचार संहिता एवं छात्र कल्याण सुविधाएं, करियर गाइडेंस, प्लेसमेंट एवं स्किल डेवलपमेंट गतिविधियां, कार्यक्रम के दौरान छात्रों को प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं को स्पष्ट करने का अवसर भी प्रदान किया गया। प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक युगल किशोर राजपूत विभागाध्यक्ष ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ओरिएंटेशन प्रोग्राम छात्रों के लिए एक सफल एवं मार्गदर्शक सिद्ध होगा तथा वे सम सेमेस्टर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन सुश्री डॉली यदु के द्वारा किया गया।

**ग्राम रोहित में शोभायात्रा निकाली गई, आज होगा समापन**

# श्रीमद्भागवत मोक्ष का मार्गदर्शक है : पं. त्रिभुवन मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम रोहित भागवत व्यास पीठ से भगवताचार्य सिद्ध विनायक मंदिर फिंगेश्वर व बारूला वाले पं. त्रिभुवन मिश्रा ने ग्राम रोहित में 27 जनवरी से 4 फरवरी तक आयोजित है। इस बीच में अध्यक्ष राज्य भंडार गृह निगम चंदू लाल साहू, पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल, क्षेत्र भर के जनप्रतिनिधि, समाजिक पदाधिकारी शामिल हुए थे। उक्त आयोजन यादराम, अशोक, नरेश, पवन, रेखा महेश, देवंतिन देवांगन परिवार रोहिना विशेष सहयोग मनोज देवांगन, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू द्वारा निहित है। भगवताचार्य पं. त्रिभुवन मिश्रा ने अंतिम दिवस के एक दिन पूर्व परीक्षित मोक्ष की कथा विस्तार से एवं गुड़ रहस्य को समझाया। कहा सनातन परंपरा में श्रीमद्भागवत पुराण को केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मोक्ष का सजीव मार्गदर्शक माना गया है। शास्त्रों में वर्णित कथा के अनुसार, यह वही पुराण है जिसकी कथा मात्र सात दिनों में श्रवण करने से राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई। राजा परीक्षित महाभारत काल के प्रतापी शासक छत्तीसगढ़ के सिहावा पहाड़ में तपस्वी श्रृंगी ऋषि के शाप से जानते थे कि सातवें दिन उनका अंत निश्चित है। मृत्यु के भय के स्थान पर उन्होंने आत्मबोध का मार्ग चुना। गंगा तट पर उन्होंने समस्त राज्य-सुखों का त्याग कर शुकदेव मुनि से जो शिव भगवान स्वरूप माना गया है के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। महराज ने कहा सात दिन तक चली यह कथा केवल आख्यान नहीं थी, बल्कि भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सार थी। भागवत पुराण का महत्व इस तथ्य में निहित है कि यह कर्मकांड से आगे बढ़कर भक्ति को मोक्ष का साधन घोषित करता है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के माध्यम से जीवन, मृत्यु और आत्मा के शाश्वत सत्य को सरल भाषा में महराज ने प्रस्तुत किया गया है।रोहिना में आयोजित सात दिवसीय भागवत कथाएँ उसी परंपरा की जीवंत कड़ी हैं। इस व्यास परिसर में सुनने वाले परीक्षित की तरह यह श्रोता भी यह विश्वास करते हैं कि यदि मन, वाणी और चित्त से कथा का श्रवण किया जाए, तो जीवन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष दूर नहीं। शिव ही मोक्षदाता है।

**भगवान जगन्नाथ है के भाई -बहन के प्रेम का प्रतीक**

भागवत पुराण, वस्तुत, मृत्यु का भय मिटाकर जीवन को सार्थक बनाने वाला शास्त्र है। और इतिहास साक्षी है परीक्षित का मोक्ष हुआ। यह कथा सुनकर श्रोता भावविभोर हो गया। महराज भाव भी भी नम हो गई, क्योंकि पिछले सात दिन सात रात तक गांव के आयोजक परिवार ही नहीं पुरे श्रोता से जुड़े थे।कथा के बीच बीच में श्रोता का नाम लेकर कथा जारी रखे रहता था। कहा की भाई बहन के प्रेम का प्रतीक जगन्नाथ है। इनके दर्शन से भाई बहन का अटुट बंधन का आशीर्वाद मिलता है। नशा से मुक्त जीवन जिये और मन चित शांति बनाये। आयोजन में विशेष सहयोग व उपस्थिति मनोज देवांगन यादराम ,जोहनू राम, रूपेश साहू, कुंवर,पुनारद , रामजी साहू, राधे श्याम, कमलनारायण, छेदू ,बाबूलाल, अशोक, नरेश, महेश, मुकेश भोज युवराज, भुवनेश्वर, युगलभुवन हेमेन्द्र, पीयूष, टिंकू फलेश, राजिवलोचन ट्रस्ट का विशेष योगदान रहा है।

